भागीरथी बाल शिक्षा सदन सै० स्कूल
दयालपुर (दिल्ली-94)
(सत्र-2020-21)

Page No
Date

विषय - हिन्दी
कक्षा - X

कक्षा X के सभी विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

- कक्षा दस के सभी विद्यार्थी व्यावहारिक हिन्दी व्याकरण सहायता एवं पठन हेतु गत वर्ष निहित 'हिन्दी व्याकरण एवं रचना IX-X' कोर्स-'ए', अपने साथ रखें।
- अध्यापिका द्वारा दिए जाने वाले गृह-कार्य हेतु गत-वर्ष की रिक्त पुस्तिका अथवा A-4 कागज अथवा समान आकार के पृष्ठों का ही प्रयोग करें।

कक्षा-दस
विषय- हिन्दी व्याकरण

पाठ-1 शीर्षक - अपठित गद्यांश

विचारणीय बिंदु -
- अपठित बोध में प्रायः विद्यार्थियों से ऐसे गद्यांश या काव्यांश पूछे जाते हैं, जो उन्होंने पहले न पढ़े हों।
- सर्वप्रथम दिए गए अपठित गद्यांश / काव्यांश को कई बार ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके मूल-भाव को समझें। इससे अर्थग्रहण की शक्ति का विकास होगा तथा अवतरण से संबंधित प्रश्नों को हल करने की क्षमता बढ़ेगी।
- अपठित गद्यांश / काव्यांश के विषय में विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। इसमें किसी वाक्य एवं वाक्यांश का आशय, नए शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों का अर्थ भी पूछा जा सकता है। अतः प्रसंगानुसार ही सही अर्थ / उत्तर लिखें।

(हल सहित उदाहरण)

(1) आतंकवाद आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर रूप धारण कर चुका है। यह भारत की भी एक प्रमुख समस्या बन गया है, जिससे भारत की शासन व्यवस्था निरंतर जर्जर होती जा रही है। आतंकवाद का अर्थ है - जन सामान्य में भय एवं चिंता की स्थिति। इसका उद्देश्य है — हिंसा द्वारा जनता में आतंक

(क्र०प०उ०)

Scanned with CamScanner

फैलाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना। आतंकवादी अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए निरीह लोगों की हत्याएँ कर रहे हैं और भारतीय लोकतंत्र को कमजोर बना रहे हैं। आज यदि हमें राष्ट्र को बचाना है और भविष्य को भी सुरक्षित बनाना है तो यह सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए कि आतंकवाद के पीछे छिपे कारणों का पता लगाया जाए और उन्हें समय रहते दूर भी किया जाए, तभी भारत से आतंकवाद को दूर किया जा सकता है।

प्रश्न

प्रश्न (1) – आतंकवाद किस स्तर पर गंभीर रूप धारण कर चुका है?

उत्तर – आतंकवाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर रूप धारण कर चुका है।

प्रश्न (2) – आतंकवाद का क्या अर्थ है?

उत्तर – जन सामान्य में भय एवं चिंता की स्थिति- आतंकवाद है।

प्रश्न (3) – आतंकवादी निरीह लोगों की हत्याएँ क्यों कर रहे हैं?

उत्तर – अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु आतंकवादी निरीह लोगों की हत्याएँ कर रहे हैं।

प्रश्न (4) – 'प्रमुख' शब्द में उपसर्ग बताइए।

उत्तर – उपसर्ग – 'प्र'।

प्रश्न (5) – अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?

उत्तर – भारत में आतंकवाद।

उपरोक्त उदाहरण अनुसार विद्यार्थी निम्नसंख्या अवतरणों के उत्तर लिखें – **अभ्यास (पृष्ठ संख्या-8) - अवतरण-10, पृष्ठसंख्या-13, अवतरण-3, पृष्ठसंख्या २०- अवतरण-12, पृष्ठसंख्या 24, अवतरण-2, 4, पृष्ठसंख्या-28 - अवतरण-10।**

Scanned with CamScanner